फारम सं0-563

क्रम तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
	2	3

अभिलेख उपस्थापित।

काली राम, पिता-स्व0 प्रबील राम, ग्राम-सिरसी, थाना-कटकमदाग, जिला-हजारीबाग द्वारा अंचल-कटकमदाग, ग्राम-सिरसी-2, थाना नं0-121, खाता संख्या-74, प्लॉट संख्या-460, रकवा-08 डी0 क्रेता सागर कुमार पासवान, पिता-भगवान पासवान, ग्राम-सिरसी, थाना-कटकमदाग, जिला-हजारीबाग के नाम भूमि बिक्री करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुआ। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमीशन वाद संख्या 102/2021 प्रारम्भ कर आम इस्तेहार का तामिला कराते हुए विहित प्रपत्र में जाँच प्रतिवेदन की माँग अंचल अधिकारी, कटकमदाग से की गई।

अंचल अधिकारी, कटकमदाग द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि -

क्रेता सागर कुमार पासवान एवं विक्रेता काली राम अनुसूचित जाति के अन्तर्गत आते हैं तथा एक ही जिला हजारीबाग के निवासी हैं। बिक्री की अनुमति के पश्चात आवेदक भूमिहीन के श्रेणी में नहीं आयेंगे। आवेदक को भूमि बेचने का पूर्ण अधिकार है। बिक्री की अनुमति के पश्चात् आवेदक के पास रकवा 4.50 डी0 भूमि बचेगी। प्रस्तावित भूमि रैयती खाते की है एवं सर्वे खतियान में सोमर भुईयां के नाम से दर्ज है। भूमि आवेदक को खतियान से हासिल है एवं पंजी-II के पृष्ट सं0 99/I पर ठकुरा भुईयां के नाम से जमाबंदी कायम है एवं ऑनलाईन रसीद वर्ष 2020-21 तक निर्गत है। साथ ही लगान रसीद की छायाप्रति भी संलग्न की गयी है।

अंचल अधिकारी, कटकमदाग द्वारा भी विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि के बिक्री क्रेता को करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गई है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अभिलेख के साथ संलग्न विक्रेता काली राम का अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग द्वारा निर्गत् ऑनलाईन स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र संख्या JHRC/2021/89690 दिनांक-18.02.2021 एवं अंचल अधिकारी, कटकमदाग; हजारीबाग द्वारा निर्गत् जाति प्रमाण-पत्र संख्या JHCBC/2021/24140 दिनांक-15.02.2021 और क्रेता सागर कुमार पासवान का अंचल अधिकारी, कटकमदाग, हजारीबाग द्वारा निर्गत् ऑनलाईन स्थानीय निवासी

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश कार्रवाइ टिप्पणी त
1	2	
	प्रमाण–पत्र संख्या JHRC/2015/39161 दिनांक–08.09.2015 एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कटकमदाग, हजारीबाग द्वारा निर्गत् जाति प्रमाण–पत्र संख्या JHCC/2015/06195 दिनांक–10.09.2015 के आधार पर तथा अंचल अधिकारी, कटकमदाग के जाँच प्रतिवेदन के आलोक में छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–46 के अन्तर्गत अंचल–कटकमदाग, ग्राम–सिरसी–2, थाना नं0–121, खाता संख्या–74, प्लॉट संख्या–460, रकवा–08 डी0 भूमि को बिक्री करने की अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही अभिलेख की कार्यवाही समाप्त की जाती है।	

लेखापित एवं संशोधित

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2022.01.08 13:59:26 +05:30
Location: 192.168.100.2